1 से 3 नवंबर तक बेगूसराय में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जहानाबाद का करेंगे प्रतिनिधित्व

प्रेजेंटेशन में आसपास की समस्याओं में समाधान तलाशते दिखे बाल वैज्ञानिक

भास्कर न्यूज | जहानाबाद

आसपास की समस्याओं को पहचानना, उनके कारणों को समझना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाधान तलाशना ही विज्ञान की असली उपयोगिता है। इसी सोच के साथ जहानाबाद के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन किया। समस्याओं का अध्ययन करने, आंकड़े जुटाने और तथ्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया से बच्चों की वैज्ञानिक समझ सामने आई।

सोमवार को मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दक्षिणी में आयोजित 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026-27 की जिला स्तरीय परियोजना प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में 10 बाल वैज्ञानिकों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। ये विद्यार्थी 1 से 3 नवंबर तक बेगूसराय में आयोजित प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बिहार विज्ञान परियोजना, जहानाबाद और जिला आयोजन समिति, राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी ऋतिक वर्द्धन भूटिया ने किया। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों की परियोजनाओं का अवलोकन किया और उनसे अध्ययन, प्रयोग, सर्वेक्षण तथा निष्कर्षों के बारे में सवाल पूछे। बच्चों ने अपनी परियोजनाओं के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, वैज्ञानिक आधार और व्यावहारिक उपयोगिता की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा और नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें आसपास की समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया।



प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन का शुभारंभ करतीं डीएम

वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार विकसित करना जरूरी

कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में एसडीपीओ अनिकेत कुमार द्विवेदी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखने, निरंतर सीखने और अनुशासन व मेहनत के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने चयनित बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं। मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करना जरूरी है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शित करने और सामाजिक समस्याओं के समाधान खोजने का अवसर देती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के डीपीओ गोविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक निशांत रंजन, प्राचार्य राजीव रंजन, विज्ञान फॉर सोसाइटी, जहानाबाद के जिला समन्वयक श्रीकांत शर्मा और शैक्षणिक समन्वयक डॉ. प्रवीण दीपक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर प्रयोग से सीखने का अवसर

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस जैसे आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ने का अवसर देते हैं। किसी समस्या का अवलोकन करने, आंकड़े जुटाने और उनका विश्लेषण कर समाधान तलाशने से बच्चों की तार्किक क्षमता और वैज्ञानिक सोच विकसित होती है। ऐसे प्रयासों से उनमें सवाल पूछने, तथ्यों को परखने और नए विचारों पर काम करने की प्रवृत्ति बढ़ती है।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। मूल्यांकन के लिए बिहार के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों और विषय विशेषज्ञों को निर्णायक मंडल में शामिल किया गया था। निर्णायकों ने वैज्ञानिक अवधारणा, समस्या की पहचान, सर्वेक्षण, आंकड़ों के विश्लेषण, नवाचार और व्यावहारिक उपयोगिता के आधार पर परियोजनाओं का आकलन किया। विद्यार्थियों से सवाल पूछकर विषय की समझ और निष्कर्ष तक पहुंचने की प्रक्रिया को भी परखा गया। मूल्यांकन के बाद 10 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

जेएनयू प्रकरण पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन



अरवल | जेएनयू की छात्राओं की ओर से कांग्रेस सांसद डॉ. आंगोमचा बिमोल अकोइजाम पर लगाए गए कथित यौन दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर सोमवार को अरवल में भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध-प्रदर्शन किया। स्वतंत्रता सेनानी पार्क से भगत सिंह चौक तक निकाले गए प्रदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान और राजनीतिक जवाबदेही का मुद्दा उठाया गया। प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी भी शामिल हुए।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जेएनयू की 11 छात्राओं ने मई 2026 में तत्कालीन प्रोफेसर अकोइजाम के खिलाफ कथित यौन दुर्व्यवहार की शिकायत की थी। शिकायतों में अनुचित टिप्पणियों और व्यवहार के आरोप लगाए गए थे। विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति की जांच के आधार पर 9 अक्टूबर 2026 को उन्हें विश्वविद्यालय की सेवाओं से बर्खास्त किए जाने की खबर सामने आई। हालांकि, सांसद ने आरोपों को खारिज करते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।

प्रिय अन्नदाता

रबी की बुआई से पहले मिट्टी की जांच कराएं, उसी मुताबिक खाद दें

प्रिय अन्नदाता,

रबी फसलों की अच्छी पैदावार के लिए बुआई से पहले खेत की तैयारी और मिट्टी का उचित प्रबंधन बहुत जरूरी है। किसान बुआई से पहले मिट्टी की जांच जरूर कराएं, ताकि उसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश सहित अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता और कमी का पता चल सके। रबी फसलों के लिए मिट्टी का पीएच मान 6.0 से 7.5 के बीच उपयुक्त माना जाता है। पिछली खरीफ फसल, जैसे धान के बचे हुए अवशेषों या पराली को जलाने के बजाय जुताई के माध्यम से मिट्टी में मिला दें अथवा जैविक खाद के रूप में उपयोग करें। इससे मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिलती है। खेत से पुराने खरपतवार और अनावश्यक कंकड़-पत्थर हटा दें, ताकि खरपतवार फसल के साथ पोषक तत्वों, पानी और स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा न करें।



डॉ. उमेश नारायण उमेश, मृदा विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत, नालंदा।

मिट्टी को भुरभुरी बनाने के लिए उसकी स्थिति के अनुसार मिट्टी पलटने वाले हल या कल्टीवेटर से 2 से 3 बार जुताई करें। अंतिम जुताई में आवश्यकता के अनुसार रोटावेटर का उपयोग कर सकते हैं। जुताई के बाद पाटा चलाकर खेत को समतल कर लें, जिससे सिंचाई का पानी पूरे खेत में समान रूप से पहुंचे और उसका सदुपयोग हो सके। गेहूं, चना, सरसों और जौ जैसी रबी फसलों के बीजों के अच्छे अंकुरण के लिए खेत में पर्याप्त नमी होना जरूरी है। इसलिए बुआई के समय मिट्टी में उचित नमी बनाए रखें। यदि खेत में पानी जमा होने की समस्या है, तो बुआई से पहले ही जल निकास की उचित व्यवस्था कर लें। इससे फसल की जड़ों को नुकसान से बचाने और अच्छी पैदावार प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

इन बातों का रखें ख्याल-

- खेत तैयार करते समय अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद या कम्पोस्ट मिलाएं।
- कम्पोस्ट से मिट्टी की संरचना और जलधारण क्षमता में सुधार होता है।
- मिट्टी की जांच की अनुशंसा के अनुसार नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश प्रयोग करें।
- जिंक और बोरॉन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों का उपयोग भी मिट्टी की जांच के आधार पर करें।
- अंतिम जुताई के समय प्रति एकड़ 1-1.5 किलोग्राम ट्राइकोडर्मा या स्यूडोमोनास को गोबर की खाद में मिलाकर मिट्टी में डालें।
- जुताई के आखिरी चरण में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश को मिट्टी में मिलाएं।

आप खेती -किसानी से जुड़े किसी विषय पर जानकारी लेना चाहते हैं तो वाट्सएप नंबर 9006565484 पर सिर्फ मैसेज करें।

लोक नगर में संदिग्ध पकड़ाया, लोगों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की

जहानाबाद | नगर थाना क्षेत्र के लोक नगर मोहल्ले में चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने स्वयंवर मैरिज हॉल में बिजली के तार चोरी करने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मैरिज हॉल के मालिक लक्ष्मण साहू के अनुसार, उनके प्रतिष्ठान में पहले भी तार काटने की घटनाएं हो चुकी हैं।

रविवार की देर रात जब लक्ष्मण साहू अपने प्रतिष्ठान का जायजा लेने पहुंचे, तो उन्हें कुछ संदिग्ध आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को इकट्ठा किया। लोगों को आते देख संदिग्ध छत के रास्ते भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन इसी दौरान वह बालकनी से नीचे गिर पड़ा। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान एक महिला ने जब उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो उसने हाथापाई कर महिला को घायल कर दिया।

दो शराब भट्ठियां ध्वस्त, 15 लीटर चुलाई शराब बरामद

काको | पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के निर्देश पर शराब के निर्माण एवं कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भेलावर थाना क्षेत्र के बारा गांव में छापेमारी की गयी. एएलटीएफ की टीम के सहयोग से की गयी इस कार्रवाई में 660 लीटर जावा महुआ को विनष्ट किया गया, जबकि 15 लीटर चुलाई शराब बरामद की गयी. मौके पर संचालित दो शराब भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया गया।

घोसी प्रखंड कार्यालय पर किसान सभा का धरना

सिटीरिपोर्टर | घोसी

घोसी प्रखंड कार्यालय परिसर में अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। यह कार्यक्रम बिहार राज्य किसान सभा के पूर्व निर्धारित आंदोलन के तहत आयोजित हुआ। धरने की अध्यक्षता घोसी अंचल काउंसिल के अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने की। आयोजन में अंचल सचिव राम प्रवेश की प्रमुख भूमिका रही।

वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार से किसानों की समस्याओं का समाधान करने और उनके अधिकारों के प्रति जवाबदेही तय करने की मांग की। जिला काउंसिल के उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद ने किसानों की समस्याओं और सरकारी नीतियों की विफलताओं का उल्लेख किया।

धरने में फसलों का लाभकारी मूल्य निर्धारित करने, एमएसपी को कानूनी दर्जा देने, किसानों के कर्ज माफ करने, उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति और किसान आईडी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली की सीमाओं पर 13 महीने तक चले आंदोलन के बाद तीन कृषि कानून वापस ले लिए गए, लेकिन किसान संगठनों के साथ हुए समझौतों को लागू नहीं किया गया। इसके अलावा, फसल बीमा योजना को प्रभावी बनाने, स्मार्ट मीटर हटाने, बाढ़-सूखे का स्थायी समाधान करने, भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन और किसानों को पांच हजार रुपये मासिक पेंशन देने की मांग की गई। घोसी पोखर क्षेत्र के 180 भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटित करने की मांग की गई

शराब के नशे में एक व्यक्ति गिरफ्तार

काको | काको थाने की पुलिस ने बरबट्टा गांव से एक व्यक्ति को शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्ती कर रही थी। इसी दौरान सत्येंद्र चौधरी संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई थी।

बालिकाओं के अधिकारों और सुरक्षा पर डीएम ने किया संवाद

अरवल | अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में 'कॉफी पर संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण पर चर्चा हुई। डीएम ने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आकांक्षाओं और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली तथा उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'बाल विवाह समाप्त करें और बालिकाओं के अधिकारों में निवेश करें' रही। इस दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए इसके उन्मूलन के लिए परिवार, समाज और प्रशासन की सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया गया। साथ ही, लोगों को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में शिक्षा, खेल, चित्रकला, वाद-विवाद, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को डीएम ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, छात्राओं के बीच माहवारी स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) आदि मौजूद रहे।

विकास योजनाओं में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

अरवल | जिलाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों और विभागों के बीच समन्वय की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ करें। योजनाओं की नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर माले का विरोध मार्च

भास्कर न्यूज | जहानाबाद

भाकपा-माले ने सोमवार को जहानाबाद के किनारी बाजार में विरोध मार्च निकाला। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की भी मांग रखी।

मार्च से पहले भाकपा-माले की जहानाबाद प्रखंड कमेटी का कार्यकर्ता कन्वेंशन हुआ। इसमें संगठन को मजबूत करने और गरीबों पर कथित हमलों व बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया।

कन्वेंशन में जिला सचिव विजय कुमार ने खेत मजदूर सभा की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं और सत्ताधारी दल के नेता इस पर चुप हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को संगठित कर दमन और बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

विरोध मार्च को राज्य कमेटी सदस्य और जिला प्रभारी रविंद्र यादव ने संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-युवाओं पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारी कर आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के इस्तेमाल से आंदोलन नहीं रुकेगा।

रविंद्र यादव ने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी से मताधिकार प्रभावित होने की आशंका है।

अनाज से भरे ट्रक की चपेट में आई महिला, घायल

भास्कर न्यूज | घोसी

घोसी पीएचसी के ठीक सामने सोमवार को एसएफसी के अनाज से भरे ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ट्रक घोसी एसएफसी के गोदाम की ओर जा रहा था। चालक मुख्य सड़क से गोदाम जाने वाले रास्ते पर ट्रक मोड़ रहा था, तभी पीछे से आ रही काको थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी कुंती देवी ट्रक की चपेट में आ गईं। हादसे में महिला का एक पैर बुरी तरह कुचल गया।

आसपास के लोगों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल महिला को पीएचसी घोसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया।

जनता दरबार में 35 मामलों की हुई सुनवाई, समयबद्ध निष्पादन का निर्देश

भास्कर न्यूज | जहानाबाद

आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिला स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न समस्याओं से संबंधित 35 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष ने आवेदकों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में राज्य उर्दू प्राथमिक विद्यालय, एरकी में चापाकल की मरम्मत, नल-जल की सुविधा उपलब्ध कराने, सड़क एवं नाला निर्माण व मरम्मत, विद्यालय भवन निर्माण, बिजली चोरी, विद्युत विपत्र में सुधार तथा जिला परिषद की ओर से आवंटित दुकान के नाम की पुनर्बहाली सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में उप विकास आयुक्त ने सभी शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामलों की समुचित जांच कर नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि 'सबका सम्मान, जीवन आसान' की भावना के अनुरूप आम लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : गया (ई-एबी), साऊथ बिसार तालाब रोड, गया, बिहार - 823001

परिशिष्ट-IV (नियम-8 (1)

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 के तहत इंडियन बैंक, के अधिकृत अधिकारी है एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 14.07.2026 को एक डिमांड नोटिस जारी किया गया जिससे उधारकर्ता / बंधककर्ता एवं सह-उधारकर्ता :

क्र.सं	उधारकर्ता/गारंटर/बन्धककर्ता का नाम	क्षमता	पता
1.	लक्ष्मी इंटरप्राईजेज	उधारकर्ता	ग्राम-लक्शु बिगहा, पोस्ट- पंडुई पण्डौल, जहानाबाद, बिहार- 804433
2.	श्री रामाबाबु यादव उर्फ नोनु यादव पिता- श्री शरण यादव	प्रोपराईटर/ जमानतकर्ता/ बंधककर्ता	ग्राम-लक्शु बिगहा, पोस्ट- पंडुई पण्डौल, जहानाबाद, बिहार- 804433

हमारे जहानाबाद स्टेशन रोड शाखा को मांग सूचना के निर्गत सूचना में उल्लिखित राशि रू.20,95,983/- (रुपये बीस लाख पचानवे हजार नौ सौ तिरासी रुपये मात्र) + ब्याज के साथ दिनांक 14.07.2026 से ब्याज चुकाने के लिए सूचना की तिथि/उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया था।

उधारकर्ता पूरी राशि का भुगतान करने में विफल रहा है, इसके द्वारा उधारकर्ता और आम जनता को सूचना दिया जाता है कि दिनांक 09 अक्टूबर, 2026 को सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उन्हें प्रदान की गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम तौर पर जनता को संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए चेतावनी दी जाती है और इस संपत्ति के साथ किसी भी तरह का लेन-देन इंडियन बैंक के अधीन होगा जो की राशि रू. 20,95,983/- (रुपये बीस लाख पचानवे हजार नौ सौ तिरासी रुपये मात्र) एवं उस पर ब्याज के साथ-साथ कानूनी खर्च एवं बैंक द्वारा पहले ही किए गए / उठाए जाने वाले अन्य खर्च के साथ देय होगा।

हम सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) के तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं, जो प्रतिभूतियों पर आपके विमोचन के अधिकारों से संबंधित है।

अचल संपत्ति का विवरण

न्यायसंगत बंधक भूमि एवं भवन जो वर्तमान एवं भविष्य में निर्मित जो श्री रामबाबु यादव उर्फ नोनु यादव, पिता- श्री शरण यादव के नाम पर स्थित मौजा- मेघरिया, खाता नं. 105, जिला- जहानाबाद।

खाता सं.	प्लॉट सं.	टाईटिल डीड सं.	क्षेत्रफल	चौहदी
105	213/230	5834 दिनांक 06.07.1993	9.5 डिसमिल	उत्तर- महावीर यादव, दक्षिण- प्लॉट का नीज भाग, पूरब- रोड, पश्चिम- प्लॉट का नीज भाग।

चल संपत्तियां:

1. फर्म के कच्चे माल, अर्ध-निर्मित और तैयार माल, उपभोग्य वस्तुएं, भंडार और अतिरिक्त सामान तथा अन्य चल संपत्तियों का बैंक को संतोषजनक रूप में दृष्टिबंधक रखना, जिसमें बही खाते के ऋण, दस्तावेजी या साफ बिल, बकाया राशि, वर्तमान और भविष्य की प्राप्य राशियां शामिल हैं।
2. संयंत्र और मशीनरी के संपूर्ण भाग राइस मिल का दृष्टिबंधक रखना।

दिनांक - 09.10.2026
स्थान - जहानाबाद

नोट - वाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठय मान्य होगा।

हस्ता./प्राधिकृत अधिकारी (इंडियन बैंक)

पेंट करने को लेकर पड़ोसियों में मारपीट, एक घायल

जहानाबाद | नगर थाना क्षेत्र के ऊंटा मदारपुर में पड़ोसियों के बीच मारपीट का एक मामला सामने आया है। रंग-रोगन करने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित युवक की पहचान ऊंटा मदारपुर निवासी स्व. ग्याराम मिस्त्री के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित संतोष कुमार अपने घर की दीवार पर पेंट कर रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी और उनके परिवार के सदस्य वहां पहुंचे और संतोष को गाली-गलौज करने लगे। जब संतोष ने विरोध किया और उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए और मारपीट शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने संतोष पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में संतोष कुमार को सिर और शरीर पर काफी गहरी चोटें आई हैं। किसी तरह पीड़ित ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे।

भाजपा ने कांग्रेस सांसद और राहुल गांधी के फूंके पुतले, जेएनयू मामले पर मांगा जवाब

भास्कर न्यूज | जहानाबाद



स्थानीय अरवल मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान मणिपुर से कांग्रेस सांसद डॉ. आंगोमचा बिमोल अकोइजाम और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री अमरेंद्र कुमार ने इसकी जानकारी दी।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से जुड़े मामले को लेकर कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर निशाना साधा। जिला महामंत्री अमरेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि जेएनयू में छात्राओं और महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में कांग्रेस सांसद डॉ. आंगोमचा बिमोल अकोइजाम दोषी पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक ओर संविधान और महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी पार्टी के सांसद पर ऐसे गंभीर आरोप लगे हैं। उन्होंने राहुल गांधी से इस मामले में जवाब देने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर कांग्रेस का दोहरा रवैया सामने आया है। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए संबंधित मामले में निष्पक्ष जांच और दोष सिद्ध होने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन में भाजपा जिला महामंत्री अमरेंद्र कुमार और अनिल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश केसरी, मुन्नी चंद्रवंशी एवं कृष्णा गुप्ता, जिला मंत्री मनोज पासवान, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम गुप्ता, युवा मोर्चा महामंत्री कन्हैया कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष रिजु साव, काको दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार और जिला भाजपा के पूर्व प्रवक्ता मणिभूषण शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाते हुए कांग्रेस नेतृत्व से जवाबदेही तय करने की मांग की।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बन्धित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9(1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	पीएनबी- उसरांव (239700) मेसर्स गणेश ट्रेडिंग कंपनी (प्रोप-श्रीमती हीरामुनी देवी पति श्री ललन प्रसाद) पता- वार्ड संख्या-07, रामाशीष नगर, बाजार समिति, कोचस,उसरांव, जिला-रोहतास, बिहार-821112 संपर्क सूत्र-9771634551 श्री ललन प्रसाद (गारंटर) पिता स्वर्गीय दशरथ साह पता- वार्ड संख्या-07,रामाशीष नगर, बाजार समिति, कोचस,उसरांव, जिला-रोहतास, बिहार-821112 संपर्क सूत्र-9771634551 खाता संख्या-2397008700002840	अचल संपत्ति यहाँ स्थित है: मौजा-कोचस (285), थाना-कोचस, थाना संख्या-285, अंचल-कोचस, हल्का संख्या-02, खाता संख्या-549/210, प्लॉट संख्या-746/1358, क्षेत्रफल-05 डेसिमल जिसका रजिस्टर्ड मॉर्गेज डीड संख्या-3244 दिनांक 05.03.2020 श्री ललन प्रसाद पिता स्वर्गीय दशरथ साह के नाम पर है। चौहद्दी: उत्तर- बसंत पासवान, दक्षिण- राधिका देवी, पूर्व- 8 फ़ीट प्रस्तावित रास्ता, पश्चिम- प्लॉट संख्या-1357	क) 30.12.2024 ख) रू. 28,18,491.43 /- + आगे का ब्याज ग) 04.04.2025 घ) सांकेतिक	क) रू. 21,06,000/- ख) रू. 2,10,600/- ग) रू. 50,000/-	दिनांक 03.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी: 1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 03.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 16.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnb.bank.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी